निर्यात में 1.2 फीसदी गिरावट, व्यापार घाटा बढ़कर 23.5 अरब डॉलर

लगातार तीन महीने तक बढ़ने के बाद निर्यात के मोर्चे पर जुलाई में लगा झटका

नई दिल्ली। लगातार तीन महीने तक सकारात्मक दायरे में रहने के बाद देश का निर्यात जुलाई, 2024 में 1.2 फीसदी घटकर 33.98 अरब डॉलर रह गया। एक साल पहले की समान अवधि में 34.49 अरब डॉलर की वस्तुओं का निर्यात किया गया था। कच्चे तेल, चांदी और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की खरीदारी बढ़ने से आयात पिछले महीने 7.45 फीसदी बढ़कर 57.48 अरब डॉलर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय के बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, आयात में वृद्धि से व्यापार घाटा जुलाई में सालाना आधार पर 21.76 फीसदी बढ़कर 23.5 अरब डॉलर पहुंच गया। जुलाई, 2023 में 19.3 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ था। ब्यूरो

इसलिए, घटा निर्यात

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थ्वाल ने कहा, पेट्रोलियम उत्पादों के कमजोर प्रदर्शन से निर्यात में गिरावट आई है। जुलाई में देश से 5.22 अरब डॉलर मूल्य के पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात किया गया, जो 22.15 फीसदी कम है। इसके अलावा, कीमतों में नरमी, कमजोर मांग और घरेलू खपत बढ़ने से भी निर्यात के मोर्चे पर झटका लगा है।

चांदी के आयात में 439 फीसदी वृद्धि

आंकड़ों के मुताबिक, कच्चे तेल का आयात जुलाई में 17.44 फीसदी बढ़कर 13.87 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। इस अवधि में 16.57 करोड़ डॉलर का चांदी आयात किया गया, जो सालाना आधार पर 439 फीसदी की भारी बढ़ोतरी है।

- इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के आयात में सालाना आधार पर 37.31 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली।
- **सोने का आयात 10.65 फीसदी घटकर 3.13 अरब डॉलर रहा।**

अमेरिका समेत पांच देशों में सर्वाधिक भेजे गए उत्पाद

भारत से जुलाई में जिन पांच देशों को सबसे ज्यादा निर्यात किया गया, उनमें अमेरिका, नीदरलैंड, तंजानिया, सिंगापुर और मेक्सिको शामिल हैं।

अप्रैल-जुलाई में व्यापार घाटा 85.58 अरब डॉलर

आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जुलाई अवधि में निर्यात 4.15 फीसदी बढ़कर 144.12 अरब डॉलर पहुंच गया। व्यापार घाटा भी बढ़कर 85.58 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

पाम और सोया तेल आयात एक साल के उच्च स्तर पर

नई दिल्ली। कीमतों में कमी और रिफाइनर्स की ओर से त्योहारों के लिए खरीद से देश का पाम तेल और सोया तेल आयात जुलाई में बढ़कर करीब एक साल के शीर्ष पर पहुंच गया है। इस भारी खरीद से शीर्ष उत्पादक इंडोनेशिया और मलयेशिया के तेल भंडार में कमी आएगी।

सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के आंकड़ों के अनुसार, पाम तेल आयात जुलाई में जून की तुलना में 37 फीसदी बढ़कर करीब 11 लाख टन रहा। यह अगस्त, 2023 के बाद सबसे अधिक है। सोया तेल आयात 42 फीसदी बढ़कर 391,791 टन रहा। यह 13 महीनों में सबसे अधिक है। सूरजमुखी तेल का आयात 21.3 फीसदी गिरकर 366,541 टन पर आ गया। एजेंसी

वनस्पति तेल की दूसरी बार सबसे ज्यादा खरीद

वनस्पति तेल आयात जुलाई में 22.2 फीसदी बढ़कर 19 लाख टन रहा। यह दूसरा बड़ा रिकॉर्ड है। नवंबर, 2023 से शुरू होने वाले विपणन वर्ष में भारत औसतन 13 लाख टन खाद्य तेल का आयात कर रहा है। अधिक आयात से देश में वनस्पति तेल का भंडार बढ़कर 29 लाख टन हो गया। यह आठ महीनों में सबसे अधिक है।

तनाव के समय डिजिटल बैंकिंग से बढ़ सकता है तरलता संकट

नई दिल्ली। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जानकीरमन का कहना है कि इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग जैसी ऑनलाइन सेवाएं तनाव के दौरान तरलता संकट की आशंका को बढ़ा सकती हैं। स्वामीनाथन ने एक कार्यक्रम में कहा, यह बदलाव परिचालन स्थिरता और सफोलेपन के लिए जोखिम बढ़ाता है। ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग को सातों दिन 24 घंटे उपलब्धता कमजोरियों को बढ़ा सकती है। इससे तरलता संकट पैदा हो सकता है, क्योंकि ग्राहक तुरंत पैसे की निकासी कर सकते हैं। डिप्टी गवर्नर के मुताबिक, बड़े पैमाने पर संवेदनशील आंकड़ों के कारण वित्तीय क्षेत्र साइबर हमलों का प्रमुख लक्ष्य है। ऐसे में जोखिम कम करने के लिए वित्तीय संस्थानों को समय-समय पर सिस्टम का परीक्षण कर मजबूत तैयारियां करनी चाहिए। एजेंसी

पीई और वीसी निवेश कम होकर 2.7 अरब डॉलर

मुंबई। निजी इक्विटी (पीई) फंड और वेंचर कैपिटल (वीसी) का देश की कंपनियों में निवेश जुलाई में घटकर 2.7 अरब डॉलर रह गया है। जून के 4.6 अरब डॉलर की तुलना में यह 46 फीसदी कम है। आरबीआई के मुताबिक, जुलाई, 2023 के मुकाबले निवेश 35 फीसदी कम है। हालांकि, सौदों की संख्या 68 से बढ़कर 81 पहुंच गई। एजेंसी

जून तक लगातार चार माह की वृद्धि के बाद डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति में गिरावट

खाद्य उत्पादों की कीमतें घटने से थोक महंगाई तीन महीने के निचले स्तर पर

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। खुदरा मुद्रास्फीति में तेज गिरावट के बाद अब थोक महंगाई भी जुलाई, 2024 में घटकर तीन महीने के निचले स्तर 2.04 फीसदी पर आ गई है। इससे पहले अप्रैल, 2024 में यह 1.19 फीसदी रही थी। खाने-पीने की वस्तुओं और खासकर सब्जियों की कीमतों में तेज गिरावट से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) महंगाई के मोर्चे पर राहत मिली है। इससे पहले जून तक थोक महंगाई में लगातार चार महीने वृद्धि देखने को मिली थी।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय के बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में खाद्य महंगाई भी घटकर 3.45 फीसदी पर आ गई। जून में यह 10.87 फीसदी रही थी। खाद्य महंगाई घटने की प्रमुख वजह सब्जियों, अनाज, दालों और प्याज की कीमतों में मासिक आधार पर गिरावट रही। इससे पहले जून में थोक महंगाई बढ़कर 16 माह के उच्च स्तर 3.36 फीसदी पर पहुंच गई थी। जुलाई, 2023 में 1.23 फीसदी की गिरावट आई थी।

2.04% रही जुलाई में थोक महंगाई | **3.45%** खाद्य मुद्रास्फीति आ गई 10.87% से कम होकर

उपभोग मांग बढ़ने की उम्मीद : फीडचड्डी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा, भविष्य में हम उम्मीद करते हैं कि थोक महंगाई में निरंतर नरमी से उत्पादन लागत में कमी आएगी। साथ ही, देश में उपभोग मांग बढ़ेगी।

मुख्य डब्ल्यूपीआई में लगातार पांचवें महीने बढ़ोतरी : मुख्य (गैर-खाद्य विनिर्माण) थोक महंगाई में लगातार पांचवें महीने बढ़ोतरी देखने को मिली। यह जुलाई, 2024 में 1.2 फीसदी के साथ 17 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। थोक महंगाई में गिरावट खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों के अनुरूप रही, जो घटकर पांच साल के निचले स्तर पर आ गई। -राहुल अग्रवाल, वरिष्ठ अर्थशास्त्री, इक्रा

सब्जी-प्याज समेत ये वस्तुएं सस्ती

उत्पाद	जून	जुलाई
अनाज	9.27	8.96
धान	12.07	10.98
दाल	21.64	20.27
सब्जियां	38.76	-8.93
प्याज	93.35	88.77
तिलहन	-3.33	-4.26
खनिज	9.59	6.59
हाई पेट्रोलियम	14.04	9.19
कोयला-लिग्नाइट	-4.15	-5.46
मूल धातु	1.06	0.86

आलू-दूध-फल की महंगाई बढ़ी

वस्तुएं	जून	जुलाई
गेहूं	6.25	7.00
आलू	66.37	76.23
फल	10.14	15.62
दूध	3.37	4.55
अंडा-मांस	-3.06	-1.59
ईंधन-बिजली	1.03	1.72
विनिर्मित उत्पाद	1.43	1.58
कपड़ा	1.19	2.09
दवाएं	0.42	2.05

नोट : वनस्पति एवं उत्पाद मंत्रालय, आंकड़े : फीसदी में

यात्री वाहनों की बिक्री 2.5 फीसदी घटी

सियाम के आंकड़े...कमजोर मांग से यात्री कारों की बिक्री में भी 12 फीसदी गिरावट

नई दिल्ली। मांग में नरमी व उच्च आधार प्रभाव के कारण देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री जुलाई, 2024 में सालाना आधार पर 2.5 फीसदी घटकर 3,41,510 इकाई रह गई। जुलाई, 2023 में कुल 3,50,355 यात्री वाहन बिके थे। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, यात्री कारों की बिक्री भी पिछले महीने 12 फीसदी की गिरावट के साथ 96,652 इकाई रह गई। एक साल पहले की समान अवधि में 1,09,859 यात्री कारें बिकी थीं। एजेंसी

सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा, अधिक बारिश व त्योहारों के मद्देनजर निकट अवधि में बिक्री बढ़ने की संभावना है।

दोपहिया वाहनों में 12.5 फीसदी का उछाल

दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री जुलाई में 12.5 फीसदी बढ़कर 14,41,694 इकाई पहुंच गई। जुलाई, 2023 में 12,82,054 दोपहिया वाहन बिके थे।

- सिपहिया वाहनों की बिक्री 5.1 फीसदी बढ़कर 59,073 इकाई पहुंच गई। यूटिलिटी वाहनों की बिक्री में 4.1 फीसदी की बढ़ो।

ओरियन चोको पाई के साथ मनाएं रक्षाबंधन

नई दिल्ली (वि)। रक्षाबंधन पर ओरियन चोको पाई चाकलेट पेस्ट्रकर भाई-बहन अपने रिश्तों की मिठास को खास बना सकते हैं। रक्षाबंधन पर मीठा खिलाने की भारतीय परंपरा को जीवित रखते हुए ओरियन चोको पाई सर्वोत्तम उपहार है। स्वादिष्ट चॉकलेट और प्यारे बेज मार्शमैलो के साथ ओरियन चोको पाई यादों और खुशी खुशियों को जोड़ता है। यह स्ट्राबेरी, वैनीला, ऑरेंज और कोकोनट फ्लेवर में उपलब्ध है। ओरियन वर्तमान में 05 स्वादों के चोको पाई के साथ-साथ टर्टल चिप्स, के-रिंग्स और ओ राइस क्रैकर्स का भी संग्रह प्रदान करता है।



व्यावसायिक गतिविधि

सिंफनी ने कूलर और वाटर हीटर की नई रेंज लांच की

नई दिल्ली (वि)। सिंफनी लिमिटेड ने गोवा में दो दिवसीय चेंजमैन क्लब 2023-24 कार्यक्रम में शीर्ष व्यापार भागीदारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर कंपनी ने सिंफनी के कूलर और वाटर हीटर की रेंज लांच की। स्टोरेज वाटर हीटर में तीन रेंज म्ड, सीन और सोल लांच की गई। इन वाटर हीटर को पानी से जुड़ी समस्याएं जैसे बालों का झड़ना, त्वचा स्वास्थ्य आदि को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। यह वाटर हीटर 10, 15 और 25 लीटर की क्षमता में उपलब्ध हैं। कूलर में सिंफनी सिलेंजो, मैक्सविंड, आर्कटिक सर्कल और एयर फोर्स स्टोरीज लांच करने की घोषणा की। इनमें सिलेंजो 120आई और सिलेंजो 100 कम शोर के स्तर, रिमोट कंट्रोल, टच स्क्रीन पैनल, शक्तिशाली एयर थ्री आर्द्र स्टूलियाओं से लैस हैं।

LUCKNOW MODERN PUBLIC INTER COLLEGE
Recognized By
U.P. BOARD FOR SCIENCE, ART & COMMERCE
NURSERY - CLASS XII (English / Hindi Medium)
15th AUGUST
HAPPY INDEPENDENCE DAY
OUR FACILITY
- Digital Class Rooms.
- CCTV Camera in Class Rooms & Premises of College.
- Computer Lab ITW.
- Special Maths & Science Lab.
- Preparatory Classes of SOF (Olympiads) & N.T.S.E.
- Conveyance facility is available for students.
- Provision of scholar-ship for S.C., S.T., O.B.C. Minorities and General Categories by the Government of U.P.
Scan For Location
LUCKNOW MODERN PUBLIC INTER COLLEGE
Add: Insaf Nagar, Sect.10, Indira Nagar, Lucknow
Ph : 0522-4009278, 7084427777

B.L.S. INTER COLLEGE
Estd:1975 ADMISSION OPEN Bringing Excellence to Students!
Streams:- Science, Commerce & Humanities/Arts
Happy Independence Day
B.L.S. INTER COLLEGE
PLAYGROUP TO CLASS XII
ENGLISH MEDIUM
NCERT CURRICULUM
blsiucknow@gmail.com
www.blsiucknow.com
NEAR THANA THAKURGANJ,MUSAHABGANJ, LUCKNOW.
Mob.-9335410466, 9305410466
B.L.S. PUBLIC CONVENT
Fun Course
Learning
Admission Open 2024-25
Certified Teachers
Holistic Early Education
Experienced and Caring Faculty
Modern Teaching Methods
Parental Involvement Programs
Focus on soft skills
Interactive Learning Environment
Fun and Happy Learning for kids !
Come on! Register soon! limited seats!
7408410466 >>>> Kalyanpuri, Thakurganj, Lucknow